अबके होली राम लला संग | By Pt. Sumit Chaturvedi

अबके बरस बरसेगी अवध में अमृत की बरसात जी
खेल रहे देवों संग होली राम लला रघुनाथ जी
ब्रह्मा विष्णु भोलेनाथ और कान्हा भी हैं साथ जी
खेल रहे देवों संग होली राम लला रघुनाथ जी

है अबीर ब्रह्मा के हाथ में भगवा गुलाल हरी लाये
शिव की जटा से गंगा जी ने रंग केसरी बरसाए
पारवती लक्ष्मी ब्रह्माणी जोड़ के बोली हाथ जी
खेल रहे देवों संग होली राम लला रघुनाथ जी

बरसाने से रस फूलों के लाइ है राधा प्यारी
वृन्दावन से लाये कन्हैया पिचकारी बंसी वारी
सुमित अयोध्या लेके चले हैं भक्तों की बारात जी
खेल रहे देवों संग होली राम लला रघुनाथ जी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%85%e0%a4%ac%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b2%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%82%e0%a4%97-by-pt-sumit-chaturvedi/